athletics, football, volleyball, basketball and hockey. An expenditure of Rs. 225 per month is incurred on board and lodge and other incidental charges on each student admitted in these hostels. For other games, a scholarship oi Rs. 50 per month is given to each talented sports students.

(2) Special cash awards of Rs. 200, Rs. 150 and Rs. IOO are given to students who attain First, Second and Third positions, respectively, in each game/athletic event in Inter-State tournaments.

(3) Students who represent Kendriya Vidyalaya Sangathan in the Inter-State tournaments at the National level are awarded a special relaxation of 5 marks in the annual examination.

पुष्प विहार में बस टर्मिनल

2387. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने सरकारी कालोनी पुष्प विहार, (एम० बी० रोड), नई दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की सुविधा के लिए बस टर्मिनल के निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि की व्यवस्था की है;

(ख) क्या यह भूमि बस टर्मिनल का निर्माण करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम को सौंप दी गयी है; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "ना" हो, तो इसके क्या कारण हैं ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जैड० आर० अंसारी) : (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) दिल्ली परिवहन निगम पुष्प विहार में बस टर्मिनल बनाने के बारे में किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रहा है । अत: भूमि के आवंटन के सम्बन्ध में सम्बन्धित एजेन्सी से कोई अनुरोध नहीं किया गया है ।

पुष्प विहार में सरकारी क्वार्टरों में पानी की किल्लत

2388. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा सरकारी कालोनी पुष्प विहार (एम० बी० रोड) नई दिल्ली में सेक्टर 3 के टाइप 2 के चार मंजिले क्वार्टरों में जिन जल टंकियों की व्यवस्था की गई है, उनमें से कुछ जल-टंकियां दोषपूर्ण हैं ;

(ख) क्या प्रत्येक ब्लाक में समान जल-वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार इन दोषों को दूर करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मोहम्मद उस्मान आरिफ) : (क) टंकियां त्रुटिपूर्ण नहीं हैं ।

(ख) तथा (ग) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

Damage to Inidan Ships in Iran-Iraq War

2389. SHRI V. GOPALSAMY/; Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) the number of Indian ships which have so far been hit in Iran-Iraq War;